CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः सामान्य–08/7157
दिनांक : 08-06-2026

अधिसूचना
(38वाँ दीक्षान्त समारोह)

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/शिक्षकगण/विभागाधिकारी/कर्मचारीगण एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या एवं शिक्षकगण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 38वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 22 जुलाई, 2026 (बुधवार) को आयोजित होना है। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह के आयोजन से पूर्व दीक्षोत्सव आदि कार्यक्रम के साथ–साथ विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। समारोह में ओजस्वी वक्ताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा एवं प्रतियोगिता के विजेताओं तथा उतकृष्ट कार्य के लिए अध्यापकों को पुरस्कृत किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को पूर्व राष्ट्रपति डा0 शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, किसान ट्रस्ट द्वारा चौधरी चरण सिंह स्मृति प्रतिभा पुरस्कार, प्रायोजित पदक, कुलपति स्वर्ण पदक, शोध छात्रों को उपाधि, लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलिज, मेरठ से एम0बी0बी0एस0 एवं एम0डी0 व एम0एस0 उपाधि धारकों तथा विश्वविद्यालय परिसर से एम0ए0, एम0एससी0 एवं अन्य पाठ्यक्रमों के उपाधि धारकों को उपाधि प्रदान की जायेगी। दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित समस्त सूचनायें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर यथा समय उपलब्ध रहेंगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर अवलोकनार्थ ।
02. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
05. अध्यक्ष/समन्वयक, साहित्यक सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ।
06. समन्वयक, फाईन आर्ट विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ।
07. क्रीड़ाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ।
08. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ।
09. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
10. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक व छात्र/छात्रात्रों को सूचनार्थ।
11. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
12. प्रभारी, वैबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

08/6/26
सहा0कुलसचिव(प्रशा0)